हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
20 दिसंबर 2025, बरेली

PAGE NO 6 : MIDDLE

# मैच ड्रॉ, क्वार्टर फाइनल में पहुंची यूपी की टीम

## कूच बिहार ट्रॉफी

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में हो रहे कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 मैच में शुक्रवार को कोहरे के कारण मैच ड्रॉ हो गया। पूरे मैच में केवल 104.1 ओवर का ही खेल हो सका। पहली पारी में यूपी की 45 रनों की बढ़त के कारण उसे तीन प्वाइंट व बंगाल की टीम को एक प्वाइंट मिला। तीन प्वाइंट के साथ यूपी की टीम क्वार्टर फाइनल के क्वालीफाई कर गई। 75 रन बनाने, पांच कैच लेने वाले उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज विकेटकीपर युवराज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



युवराज को मैन ऑफ द मैच देते बीसीए के संरक्षक आदित्य मूर्ति व सचिव सीताराम सक्सेना।

एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में तीसरी बार हुई कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 का मैच पहली बार ड्रॉ हुआ। 16 से 19 दिसंबर तक आयोजित यह मैच मौसम की आंख मिचौली का शिकार रहा। पहले दिन केवल 17 ओवर का मैच, दूसरे दिन कोहरे के कारण मैच नहीं हुआ। तीसरे दिन धूप निकलने पर केवल 87.1 ओवर का खेल हुआ। शुक्रवार को भी कोहरा होने के कारण दोपहर बाद अंपायरों व मैच रेफरी ने मौसम को देखते हुए ब्रेक लगाया और ड्रॉ के साथ मैच समाप्त की घोषणा की। अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन व मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने बंगाल के 171 रन के जवाब में पहली पारी में 45 रनों की बढ़त हासिल करने की वजह से यूपी की टीम को ड्रॉ मैच के बाद भी तीन प्वाइंट प्रदान किए। बंगाल को एक अंक हासिल हुआ। तीन प्वाइंट के साथ कूच बिहार ट्रॉफी में उ.प्र. के 22 अंक हो गए और इसी के साथ टीम ने सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने उ.प्र. के विकेटकीपर, बल्लेबाज युवराज को मैन ऑफ द मैच चुना। पुरस्कार वितरण समारोह में बीसीए के संरक्षक एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, बीसीए सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना ने एंटी करप्शन ऑफिसर विजय शर्मा, रेफरी लाइजनिंग ऑफिसर देवेश सिंह, स्कोरर, मैच रेफरी व अंपायरों आदि को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया।